भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA
रेलमंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 09.04.2024

आरेडिका में स्काउट्स एवं गाइड्स का पाँच दिवसीय प्रशिक्षण एवं परीक्षण कैम्प का आयोजन

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना रायबरेली में स्काउट्स एवं गाइड्स का पाँच दिवसीय प्रशिक्षण एवं परीक्षण कैम्प का आयोजन दिनांक 05.04.2024 से 09.04.2024 तक किया गया है। कैम्प का शुभारंभ दिनांक 05.04.2024 को जिला आयुक्त (एडल्ट रेसौर्स) श्री नंदकिशोर वर्मा जी द्वारा किया गया है । इस कैम्प में 66 कब, बुलबुल, स्काउट्स, गाइड्स, रोवेर्स एवं रेंजर्स के साथ 19 लीडर ने भाग लिया है । श्रीमती मालती वर्मा, रिटायर्ड शिक्षिका (फ्लोक लीडर) रायबरेली उत्तरप्रदेश से विशेष रूप से बुलबुल को प्रशिक्षण देने के लिए आमंत्रित की गयी है। प्रथम दिवस में उद्घाटन के बाद सभी कब, बुलबुल, स्काउट्स, गाइड्स, रोवेर्स एवं रेंजर्स को स्काउट के इतिहास , के साथ साथ बच्चों को खेल खेल में स्काउट गीत प्रार्थना, झण्डा गीत , स्काउट्स नियम का प्रशिक्षण संबन्धित लीडर द्वारा दी गयी तथा शिविर जीवन शैली, शिविर के नियम, सहभागिता एवं सहयोग के साथ साथ शिविर अनुशासन का विशेष प्रशिक्षण दिया गया जो बच्चों के व्यक्तित्व विकास में महत्वपूर्ण है। इस कैम्प को लेकर बच्चों के साथ साथ इनके अभिभावक भी काफी उत्साहित है ।

कैम्प के दूसरे दिन कैम्प फायर का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि श्री ए. पी सोनी मुख्य संयंत्र अभियंता एवं श्री नन्द किशोर वर्मा उप मुख्य यांत्रिक अभियंता बोगी एवं व्हील सह जिला आयुक्त (एडल्ट रेसौर्स) उपस्थित थे । शिविर में उपयोगी टेंट्स विभिन्न प्रकार के गजेट्स एवं गेट का प्रदर्शन किया गया है। शिविर के तीसरे दिन श्री राजेश तिवारी सीएमएम –1 श्री कामेश्वर पासवान सीएमएम–पी द्वारा निरीक्षण किया गया है।

दिनांक 08.04.2024 को ग्रैंड कैम्प फायर का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि मुख्य गुणवत्ता प्रबन्धक सह मुख्य जिला आयुक्त श्री राम करन पासी जी का आगमन हुआ । मुख्य अतिथि तथा विशेष सम्मानित अतिथियों जिसमें पदमश्री एवं अर्जुन आवाड़ी श्रीमती सुधा सिंह द्वारा कैम्प का निरीक्षण किया गया तथा कैम्प फायर का उदघाटन किया गया । मुख्य अतिथि का स्वागत छोटी छोटी बुलबुलों द्वारा बड़ी सलामी देकर किया गया तथा कब्स के द्वारा विशेष कब ग्रीटिंग के साथ स्वागत करके कैम्प फायर स्थल तक ले जाया गया । कब, बुलबुल, स्काउट्स, गाइड्स, रोवेर्स एवं रेंजर्स द्वारा विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम की प्रस्तुति की गयी जिसकी सभी अतिथियों एवं अभिभावकों के द्वारा खूब सराहना की गयी । स्काउट लीडर्स द्वारा तैयार किये गये भोजन की सभी अतिथियों ने रसास्वादन करते हुए भूरि –भूरि प्रशंसा की । गाइड्स द्वारा बनाये गये गेट एवं रोवेर्स एवं रेंजर्स द्वारा बांस से बनाये गये टेबल कुर्सी की खूब प्रशंसा की गयी । इस कैम्प को सफल बनाने में अदित्य प्रकाश, (जिला सचिव), शबीना बानो, (जिला संगठन आयुक्त गाइड), राज कुमार (सहायक जिला सचिव), धर्मेंद्र सोनकर (क्वार्टर मास्टर) दीपक कुमार (जिला संगठन आयुक्त स्काउट), सुनील कुमार , रामसन अग्रहरी , प्रियंका राणा, अदनान, रमेश कुमार, सोनी कुमारी , जितेंद्र कुमार , प्रकाश कुमार , सरन मण्डल , प्रणव कुमार कविता, पल्लवी , गुंजन आदि लीडर्स का सहयोग रहा ।

Asrivastav 09/04/24

(अनिल कुमार श्रीवास्तव)
जनसंपर्क अधिकारी